# चल हरिद्वार | By Aarna Agarwal

रिमझिम करता आया सावन
काँधे पे तेरे सज गई कांवड़
भोलेनाथ के चरणों का सब ध्यान करके
चल हरिद्वार भोले को याद करके
चल नीलकंठ भोले बाबा को याद करके

बम बम बोल के मुख से अपने, अपना भाग्य खोल
ओम नमः शिवाये जपले लागे ना तेरा मोल
इस जीवन को दुनिया से आज़ाद करके
चल हरिद्वार भोले को याद करके
चल नीलकंठ भोले बाबा को याद करके

नंगे पाँव चलते जाएँ धूप पड़े या छाँव
है विश्वास अटल भोले पे मन में श्रद्धा भाव
आंधी तूफां सारी मुसीबत पार करके
चल हरिद्वार भोले को याद करके
चल नीलकंठ भोले बाबा को याद करके

भोलेनाथ का प्यारा मंदिर कांवर में सजा ले
कलश में गंगा जल तू भरके शिवलिंग पे चढ़ाले
चल हृदय में जयकारे का आगाज़ करके
चल हरिद्वार भोले को याद करके
चल नीलकंठ भोले बाबा को याद करके

[https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%b2-%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-aarna-agarwal/](https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%b2-%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-aarna-agarwal/)